आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 23.06.2026 समय : 18.30 पीएम

- यमुना जल परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर नई दिल्ली में अहम बैठक हुई–राजस्थान में जल प्रबंन्धन को मजबूती मिलेगी।
- जयपुर में कोचिंग संस्थानों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर विशेष अभियान चलाया गया।
- नैफेड के नीलामी पोर्टल का शुभारंभ– किसानों से सीधी खरीद के लिए जरूरी व्यवस्था तैयार।
- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अल नीनो प्रभाव से कम बारिश की आशंका को देखते हुए आवश्यक कृषि प्रबन्धन उपायों पर व्यापक दिशा–निर्देश दिये।

000

यमुना जल परियोजना के क्रियान्वयन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर आज नई दिल्ली में बैठक हुई। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने परियोजना के एमओयू से जुड़े विभिन्न मुद्दों को अंतिम रूप दिया, साथ ही किशाऊ बांध परियोजना पर भी विचार–विमर्श किया। इस मौके पर श्री पाटिल ने कहा कि यमुना जल परियोजना को दीर्घकालिक नजरिए के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। इसके तहत पानी को पाईप लाईन के माध्यम से पहुंचाने का प्रस्ताव है जिससे वितरण व्यवस्था व्यापक होगी। उन्होंने कहा कि किशाऊ बांध परियोजना के बारे में 6 राज्यों के मुद्दों का समाधान हुआ है, जल्द ही एमओयू भी किया जाएगा।

......................

मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि यमुना जल परियोजना, शेखावाटी क्षेत्र के लिए अहम है। जल्द से जल्द इसे धरातल पर लाया जाएगा। वहीं श्री सैनी ने कहा कि बैठक में वर्षा के पानी को सहेजकर राजस्थान पहुंचाने को लेकर भी विचार–विमर्श किया गया।

000

गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म आज करौली पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में पांचना संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। संघर्ष समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह धाभाई और अन्य पंच–पटेलों की उपस्थिति में समस्या के समाधान के लिए विचार–विमर्श किया गया। इस दौरान करौली विधायक दर्शन सिंह तथा ज़िला कलेक्टर अक्षय गोदारा भी मौजूद रहे।

उधर पांचना बांध से सिंचाई के लिए नहरों में पानी छोड़ने की मांग को लेकर सवाईमाधोपुर जिले के खण्डीप गांव में किसानों का महापड़ाव आज भी जारी रहा। वहीं धरने के कारण कुछ समय तक रेल यातायात भी प्रभावित रहा। मौके पर बड़ी संख्या पुलिस बल तैनात है।

000

जयपुर में आज मंत्रिमंडलीय उप–समिति की बैठक हुई। उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में प्रदेश के विभिन्न जिलों में रियायती दरों पर जमीन आवंटन के प्रकरणों पर विचार–विमर्श किया गया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य और शहरी विकास से जुड़े प्रस्तावों की समीक्षा कर सहमति दी गई।

000

चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने आज जोधपुर के उम्मेद अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रसूताओं, चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ से बातचीत कर उपचार व्यवस्थाओं पर फीडबैक लिया, साथ ही अधिकारियों को चिकित्सा सेवाओं को अधिक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में श्रीमती राठौड़ ने कहा कि हर मरीज को बेहतर और सुरक्षित ईलाज उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आमजन को चिकित्सालय के प्रति भरोसा बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी अस्पतालों में मानक चिकित्सा प्रोटोकॉल–एसओपी की पालना सुनिश्चित करने पर ज़ोर दिया जा रहा है।

..........................

गौरतलब है कि पावटा अस्पताल में सिजेरियन के बाद प्रभावित प्रसूताओं के ईलाज और सेहत की सतत निगरानी रखी जा रही है। ज़िला प्रशासन ने उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर अपडेट देने के लिए मेडिकल बुलेटिन जारी करने के निर्देश दिए हैं।

000

लखनऊ कोचिंग सेंटर अग्नि काण्ड के बाद आज जयपुर में फायर सेफ्टी व्यवस्थाओं की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया गया। नगर निगम और पुलिस की टीमों ने शहर में कोचिंग संस्थानों और लाइब्रेरी के अग्नि सुरक्षा इंतजामों की जांच की। इस कार्यवाही में 14 कोचिंग संस्थानों और पुस्तकालयों को सील किया गया। साथ ही 24 कोचिंग सेंटरों को फायर सेफ्टी नियमों की अनुपालना के लिए नोटिस जारी किए गए। अभियान के दौरान नगर निगम, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीमों ने संस्थानों में फायर सेफ्टी उपकरण, आपातकालीन निकास मार्ग और फायर एनओसी से जुड़े दस्तावेजों की जांच की।

000

संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा—सीयूईटी 2026 के स्नातक दाखिलों के नतीजे घोषित कर दिए गये हैं। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने परिणाम जारी करते हुए बताया कि उम्मीदवार सीयूईटी पोर्टल पर अपना स्कोर कार्ड देख सकते हैं। एनटीए के अनुसार इस साल मई महीने में हुई प्रवेश परीक्षा में 11 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल हुए थे।

000

केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नैफेड के नीलामी पोर्टल का नई दिल्ली में शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री शाह ने कहा कि किसानों से सीधी खरीद के लिए जरूरी व्यवस्था तैयार कर दी गई है। उन्होंने कहा कि सहकारिता मंत्रालय ने अगले दो सालों में दलहन की खरीद सीधे किसानों से खरीदने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने किसानों की भागीदारी को मजबूत करने के लिए खरीद कार्यों में बिचौलियों की भूमिका को समाप्त करने का आह्वान किया।

000

केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अलनीनो प्रभाव से कम बारिश की आशंका को देखते हुए फसलों को सुरक्षित रखने और आवश्यक कृषि प्रबन्धन उपायों पर व्यापक दिशा—निर्देश दिए हैं। अलनीनो संकट के संभावित असर से निपटने के लिए आज उन्होंने कृषि मंत्रियों और मौसम विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने देश के सभी जिलों के लिए आकस्मिक योजनाएं तैयार कर ली हैं। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने राज्य सरकारों से इन योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने वैज्ञानिकों से किसानों को समय पर स्पष्ट सलाह पहुंचाने की बात कही।

000

राज्य में आज कुछ स्थानों पर प्री मॉनसून गतिविधियों का असर देखने को मिला। सीकर, झुन्झुनू और करौली में दोपहर बाद मौसम बदला और तेज हवाओं के साथ धूल का गुबार छा गया, साथ ही बूंदा—बांदी हुई। झुन्झुनू में कई स्थानों पर करीब आधा घंटे तेज पानी बरसा। उधर, श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़, राजियासर और अन्य कई इलाकों में तेज हवाओं के साथ बरसात हुई। भरतपुर में भी धूलभरी आंधी चली, उसके बाद कुछ देर हल्की बरसात हुई। बीकानेर, जैसलमेर और फलौदी सहित आसपास क्षेत्रों में भी हवाओं के साथ बादलों की आवाजाही देखने को मिली। मौसम विभाग के अनुसार आज सात जिलों में आंधी—बारिश का ऑरेंज, वहीं 12 जिलों में येलों अलर्ट जारी किया गया है। 27 जून तक जोधपुर, कोटा और उदयपुर संभाग में कहीं—कहीं गरज—चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान कुछ स्थानों पर झोंकेदार हवाएं चलने के भी आसार है। दक्षिण राजस्थान में बरसात की गतिविधियों में कमी देखी जा सकती हैं।

000

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित अन्य कई नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने लिखा कि देश की महान विभूति डॉ. मुखर्जी के प्रखर विचार और आदर्श हर पीढ़ी को मातृ भूमि की सेवा के लिए प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी अपने निवास पर डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का

त्याग और राष्ट्र प्रथम का संकल्प देश सेवा के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता रहेगा। केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने आज भरतपुर में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इस मौके पर श्री शेखावत ने कहा कि उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन सेवा के लिए समर्पित किया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 जून को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 135वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 26 जून तक स्वीकार किए जाएंगे।

000